JANMASHTHAMI CELEBRATION 2022

The students and staff of St. Montfort School celebrated the birth of Lord Krishna, Janmashtami, with great enthusiasm and religious fervour on 18th August 2022. The students presented a colourful morning assembly depicting the important events related to the birth of Lord Krishna. The students of class VIII-A, B and C enthralled the audience with enchanting dances and songs. The presentation ended with the 'Matki Phod' and the scintillating performances were enjoyed by all. The message of love, sacrifice and courage behind the celebration was aptly presented.

Principal Rev. Bro. Monachan asked the students to follow the principles of Lord Krishna in their lives, to live in reverence to God and to live a humble life. He asked the students to be responsible, to take care of each other, to spread the message of peace and to understand the importance of fulfilling one's duty towards all. The special assembly ended with the National Anthem.

Dr. Ani Thankachan

जन्माष्टमी समारोह

दिनांक 18/08/2022 दिन गुरुवार को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में विशेष प्रार्थना के तहत जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं अ ,ब एवं स के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

ईश्वरीय प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कंस के अत्याचारों से दुखी संपूर्ण मथुरा नगरी जिसमें वह अपनी कुटिल भावनाओं को फैला रहा था । देवकी एवं वसुदेव की सातों संतानों को कंस ने मार डाला था । आठवीं संतान के रूप में देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण अवतरित हुए । इसी कथा को नाट्य मंचन करते हुए छात्रों ने भगवान कृष्ण के जन्म की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की ।

नृत्य नाटिका के माध्यम से छात्रों ने कृष्ण की अनेक कलाओं को प्रस्तुत किया । जिसमें मटकी फोड़, नृत्य, रासलीला आदि शामिल थे ।

कार्यक्रम का आनंद लेते हुए प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में कृष्ण के द्वारा बताए हुए सदमार्ग पर चलने हेतु छात्रों को प्रेरित किया ।

साथ ही आज के इस आयोजन की भूरी –भूरी प्रशंसा की ।

तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया ।

रेखा श्रीवास्तव